# प्रेस नोट - थाना सदर बाजार

# जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक – 23.09.2026

## थाना सदर बाजार मिशन शक्ति टीम की प्रभावी कार्यवाही।

## सार्वजनिक स्थान शहीद पार्क में आने जाने वाली महिलाओं के सामने अश्लील हरकतें करने वाले 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाये जा रहे **महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति अभियान** के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के कुशल नेतृत्व में थाना सदर बाजार की मिशन शक्ति टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

आज दिनांक 23.09.2026 को थाना सदर बाजार की मिशन शक्ति टीम सार्वजनिक स्थल शहीद पार्क में भ्रमणशील थी। इसी दौरान शहीद पार्क के गेट के पास एक व्यक्ति आने जाने वाली महिलाओं एवं अन्य व्यक्तियों के सामने सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकतें कर रहा था तथा अश्लील भाषा का प्रयोग कर रहा था, जिससे वहाँ आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं महिलाओं को परेशानी हो रही थी तथा शहीद पार्क में आने वाली महिलाओं एवं बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को समझाने का प्रयास किया गया तथा सार्वजनिक स्थान पर इस प्रकार की हरकतें न करने की हिदायत दी गई, किन्तु उक्त व्यक्ति नहीं माना। मौके पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को समय 07.00 बजे हिरासत में लेकर नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम साजिद पुत्र बादल नि0 तारीन टिकली, मल्हार टॉकीज के पास थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर बताया। उक्त व्यक्ति को ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से चेक किया गया, जिसमें उसके शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। उक्त के क्रम में मोटरसाइकिल को सीज करने की कार्यवाही की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 - 512/2026 धारा 296 BNS पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–**

**साजिद पुत्र बादल नि0 तारीन टिकली, मल्हार टॉकीज के पास थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर उम्र 29 वर्ष।**

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 - 512/2026 धारा 296 बीएनएस थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर ।

**गिरफ्तारी का दिनांक/समय व स्थानः–**

दिनांक 23.09.2026 को समय 07.00 बजे, शहीद पार्क थाना सदर बाजार।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

उ0नि0 सोमपाल सिंह, प्रभारी मिशन शक्ति टीम, थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।

म0का0 कविता यादव थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।

रि0म0का0 ज्योति सिंह थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।